34

''यह कौन है?''

बाइबल पाठ #13

V. दूसरे से तीसरे फसह तक (क्रमशः)।

त. तूफान को शान्त करना (मत्ती 8:18, 23-27; मरकुस 4:35-41; लूका 8:22-25)।

थ. दुष्टात्मा से ग्रस्त दो लोगों को चंगा करना (मत्ती 8:28-34; 9:1; मरकुस 5:1-21; लूका 8:26-40)।

द. पापियों के साथ खाना (और उपवास पर सन्देश) (मत्ती 9:10-17; मरकुस 2:15-22; लूका 5:29-39)।

इस पाठ में, हम ''व्यस्त दिन'' वाले अपने अध्ययन को पूरा करेंगे-जिसका आरम्भ फरीसियों के निन्दापूर्वक आरोपों से और अन्त यीशु के गलील की झील के पूर्व में जाने के साथ हुआ था। इस पाठ का विषय मसीह द्वारा तूफ़ान को शान्त करने पर चेलों की बात में पाया जाता है कि ''यह कौन है, कि आन्धी और पानी भी उसकी आज्ञा मानते हैं?'' (मरकुस 4:41; देखें लूका 8:25; मत्ती 8:27)। यीशु की पूरी सेवकाई में ''यह कौन है?'' प्रश्न गूंजता रहा, जो इस बात का संकेत है कि लोगों के लिए यह समझना कितना कठिन था कि वह वास्तव में कौन था। मसीह ने छत में से उतारे गए आदमी को चंगा किया, तो फरीसियों ने पूछा, ''यह कौन है, जो परमेश्वर की निन्दा करता है?'' (लूका 5:21)। यीशु ने उस स्त्री को क्षमा किया, जिसने अपने आंसुओं से उसके पांव धोए थे, तो दूसरे अतिथियों ने पूछा, ''यह कौन है, जो पापों को भी क्षमा करता है?'' (लूका 7:49)। उस के कामों की चर्चा राजा हेरोदेस के कानों तक पहुंची, तो उसने पूछा, ''यह कौन है, जिस के विषय में मैं ऐसी बातें सुनता हूं?'' (लूका 9:9)। यरूशलेम में यीशु के विजयी प्रवेश के समय, ''सारे नगर में हलचल मच गई; और लोग कहने लगे, यह कौन है?'' (मत्ती 21:10)। इस पाठ में तीन अवसरों पर ध्यान दिलाया जाएगा, जब मसीह ने देखने वालों को उलझन में डाल दिया।

''यह कौन है, जो तूफ़ान को शान्त करता है?''[1] (मत्ती 8:18, 23-27; मरकुस 4:35-41; लूका 8:22-25)

हमारा पिछला पाठ ''दृष्टांतों के पहले बड़े समूह'' पर था। मत्ती के अनुसार, ''जब यीशु ये सब दृष्टांत कह चुका, तो वहां से चला गया'' (मत्ती 13:53)।[2] मरकुस ने लिखा है कि वह

गलील की झील के दक्षिणी तट पर चला गया: ''उसी दिन [जिस दिन उसने दृष्टांत कहे थे (मरकुस 4:34)], जब सांझ[3] हुई, तो उसने उनसे कहा कि; आओ, हम पार चलें'' (मरकुस 4:35)। यह झील के पूर्व की ओर जाने का मसीह का चौथा लिखित दौरा था। मरकुस ने लिखा है ''और वे भीड़ को छोड़कर जैसा वह था, वैसा ही उसे नाव पर साथ ले चले'' (मरकुस 4:36क)–अर्थात वे बिना तैयारी और बिना सामान के तुरन्त चल पड़े। मरकुस ने और लिखा, ''और उसके साथ, और भी नावें थीं'' (मरकुस 4:36ख)। ये नावें उस नाव के निकट लाई गई होंगी, जिसमें यीशु सवार था (मरकुस 4:1) ताकि अधिक से अधिक लोग उसे सुन सकें। शायद यह विवरण यह दिखाने के लिए जोड़ा गया कि एकदम आने वाले और एकदम थम जाने वाले तूफ़ान को देखने वाले और भी कई लोग थे।

इस दौरे का मसीह का कारण कुछ आराम पाने के लिए भीड़ से अलग होना था (देखें मत्ती 8:18; मरकुस 4:36)। वह सज्पूर्ण परमेश्वर था, परन्तु सज्पूर्ण मनुष्य भी था,[4] और ''व्यस्त दिन'' के कारण बहुत थक गया था। जल्दी ही उसे नींद आ गई (लूका 8:23)। मरकुस ने ध्यान दिलाया कि यीशु ''आप पिछले भाग में गद्दी पर सो रहा था; ...'' (मरकुस 4:38)। गद्दी नाव के पीछे थी, जहां काफ़ी जगह थी। ''यह गद्दी'' सज्भवतया ऊन की बनाई गई थी, जिसे इकट्ठा करके तकिये की तरह भी इस्तेमाल किया जा सकता था। जे. डज़्ल्यू. शैफर्ड ने लिखा है:

> मनुष्य यीशु के शरीर पर दुर्बलता, थकावट और नीरसता देखी जा सकती थी, और वह झील की ठण्डी हवा और किश्ती की संगीतमय चाल से चैन पाकर गहरी नींद में सो गया था। ... उसके पास दिन भर होने वाली बातों को धीरे-धीरे कर रहे उसके चेले थे जबकि दूसरे लोग चुप करके पाल चढ़ाते हुए शान्त पानी पर आगे बढ़ने में अगुआई कर रहे थे।[5]

कफ़रनहूम से ''गिरासेनियों का देश'' कुछ ही मील दूर था।[6] सामान्य परिस्थितियों में यह सफर 2 या 3 घण्टे में तय हो सकता था।

यह दौरा सामान्य परिस्थितियों में नहीं था। कुछ देर बाद ही, एक भयंकर तूफ़ान आ गया: ''... झील में एक ऐसा बड़ा तूफ़ान उठा'' कि ''झील पर आंधी आई'' (मत्ती 8:24; लूका 8:23क)। ''लहरें नाव पर यहां तक लगीं, कि वह पानी से भरी जाती थी'' (मरकुस 4:37)। ''नाव पानी से भरने लगी और वे जोखिम में थे'' (लूका 8:23)।

गलील की झील में अज्सर अचानक तूफ़ान आ जाते हैं। यह समुद्र तल से सात सौ फुट नीचे है और इसके आस-पास पहाड़ियां हैं। जब पहाड़ियों से ठण्डी हवा झील की ओर बहती है, तो कुछ ही पल में शान्त समुद्र की सतह पर खतरनाक लहरें उठने लगती हैं। नाव में सवार कुछ लोग मछुआरे थे और इसमें कोई संदेह नहीं कि उन्होंने इस झील में कई तूफ़ान देखे थे। यह तथ्य कि ये भी डर गए और यह इस बात का संकेत है कि यह कोई साधारण तूफ़ान नहीं था।

नाव लहरों पर हिलोरे खा रही थी, पर यीशु सोया हुआ था। हम पूछ सकते हैं, ''यह कौन

है, जो तूफ़ान में भी सो सकता है?'' हमारा पहला उज़र होगा ''थक कर चूर हुआ आदमी।'' और सज़्पूर्ण उज़र होगा ''थका हुआ आदमी जो अपने परमेश्वर पर भरोसा रखता है।''

यीशु तूफ़ान से विचलित नहीं हुआ था, परन्तु उसके चेले हो गए थे। सुसमाचार के सहदर्शी लेखकों ने लिखा है, ''उलझन भरी आवाज़ों का शोर था''[7]: ''उन्होंने पास आकर उसे जगाया, और कहा; स्वामी! स्वामी! हम नाश हुए जाते हैं'' (लूका 8:24); ''तब उन्होंने पास आकर ... कहा, हे प्रभु, हमें बचा, हम नाश हुए जाते हैं'' (मत्ती 8:25); ''तब उन्होंने ... उस से कहा; हे गुरु ज़्या तुझे चिन्ता नहीं, कि हम नाश हुए जाते हैं?'' (मरकुस 4:38)।

हम नहीं जानते कि वे यीशु से ज़्या आशा कर रहे थे। उन्होंने पहले कभी इतने भयंकर तूफ़ान को शान्त होते नहीं देखा था, और स्पष्टतया जब उसने तूफ़ान को शान्त किया तो वे चकित रह गए थे (मत्ती 8:27; मरकुस 4:41; लूका 8:25)। शायद वे डरे हुए उस बच्चे की तरह थे, जो अपने माता-पिता को पुकारकर कहता है, ''कुछ करो!'' चाहे उसे यह मालूम नहीं है कि वह ''कुछ करो'' ज़्या हो सकता है।[8]

चेले बहुत डर गए थे, परन्तु मसीह नहीं। पहले तो उसने चेलों को डांटा: ''हे अल्पविश्वासियो, ज़्यों डरते हो?'' (मत्ती 8:26क)।[9] फिर उसने ''आंधी और पानी की लहरों को डांटा'': ''शान्त रह, थम जा'' (लूका 8:24ख; मरकुस 4:39क)। लहरें ''थम गईं''; ''आंधी थम गई, और बड़ा चैन हो गया'' (लूका 8:24; मरकुस 4:39ख)। आंधी और लहरों का तुरन्त शान्त हो जाना दोहरा आश्चर्यकर्म था, ज़्योंकि आम तौर पर आंधी के रुक जाने के बावजूद, कुछ समय तक पानी की लहरें शान्त नहीं होती हैं।

यीशु के चेलों ने गलील की झील पर कई तूफ़ान आते और जाते देखे थे, परन्तु उन्होंने कभी ऐसा दृश्य नहीं देखा था। अभिभूत होकर,[10] वे पुकार उठे, ''यह कैसा मनुष्य है ... ?'' (मत्ती 8:27); ''... यह कौन है? जो आंधी और पानी को भी आज्ञा देता है, और वे उसकी मानते हैं?'' (लूका 8:25ख)। उनके प्रश्न का उज़र है ''सामर्थ से भरा व्यज़्ति'' (देखें लूका 4:14; 5:17; 6:19; 8:46; 1 कुरिन्थियों 5:4; 2 कुरिन्थियों 12:9)।

यह कहानी आप और मुझ पर भी लागू होती है। हम सब जीवन के नाना प्रकार के तूफ़ानों से घिरे हुए हैं। कई बार, चेलों की तरह हम भी अपने विश्वास को लड़खड़ाने देते हैं और पुकार उठते हैं, ''हे प्रभु, ज़्या तुझे चिन्ता नहीं, कि हम नाश हुए जाते हैं'' (मरकुस 4:38)। हमें याद रखना चाहिए कि वह मसीह आदमी के मन में उठे तूफ़ान को वैसे ही शान्त कर सकता है, जैसे उसने गलील सागर की लहरों को शान्त किया था।[11]

''यह कौन है जो शरीर और आत्मा को चंगा करता है'' (मत्ती 8:28-34; मरकुस 5:1-21; लूका 8:26-40)

अन्त में, यीशु और उसके चेले झील के पूर्वी ओर अपने गन्तव्य तक पहुंच गए। मत्ती कहता है कि वे ''गदरेनियों के देश में'' पहुंचे (मत्ती 8:28), जबकि मरकुस और लूका ने इस क्षेत्र को ''गिरासेनियों का देश'' कहा है (मरकुस 5:1; लूका 8:26)। गिरासा (गिरगसा

के नाम से भी प्रसिद्ध) झील के पूर्वी तट पर बसा एक गांव था। पूरे क्षेत्र में दक्षिण पूर्व के कुछ भाग पर गिदारा का शासन था। इसलिए इसे ''गिरासेनियों का देश'' और ''गदरेनियों का देश'' दोनों ही नामों से जाना जाता था।[12]

यदि यीशु को कहीं एकांत में विश्राम करने की आशा थी, तो उसकी यह आशा पूरी नहीं हुई; ज़्योंकि उसका स्वागत अजीब स्वागती सभा द्वारा किया गया था। ''जब वह उस पार गदरेनियों के देश में पहुंचा, तो दो मनुष्य, जिनमें दुष्टात्माएं थीं, कब्रों से निकलते हुए उसे मिले'' (मत्ती 8:28क)।[13] मत्ती ने दो दुष्टात्माओं की बात बताई है, जबकि मरकुस और लूका ने दो अधिक प्रचण्ड दुष्टात्माओं पर ध्यान दिया है।[14]

जब यीशु उन आदमियों में से दुष्टात्माओं को निकालने लगा, तो दुष्टात्माओं ने उससे उन्हें निकट ही एक पहाड़ी पर चर रहे[15] सूअरों के झुण्ड में भेजने का अनुरोध किया।[16] दुष्टात्माओं के सूअरों में प्रवेश करने से, वह झुण्ड पागल हो गया और पहाड़ी के नीचे झील में जाकर डूब मरा।

कई साल पहले, जॉन एस. स्वीने किसी साज़्प्रदायिक कलीसिया के प्रचारक से बपतिस्मे के ढंग पर बहस कर रहा था कि नये नियम के अनुसार बपतिस्मा डुबकी से होना चाहिए या छिड़काव से। साज़्प्रदायिक कलीसिया के प्रचारक ने यह बताने के लिए कि नये नियम में डुबकी का कोई उदाहरण नहीं है, हद ही कर दी। मज़ाक बनाने की कोशिश करते हुए, उसने कहा, ''अरे हां, नये नियम में एक जगह डुबकी की बात मिलती है''–और उसने झील में डूबने वाले दो हज़ार सूअरों की कहानी बता दी। जब भाई स्वीने ने मंच सज़्भाला, तो उन्होंने उज़र दिया, ''हां, वह डुबकी की घटना थी–और ज़्योंकि उसमें शैतान का नमकीन गोश्त खो गया था, इसलिए वह तब से इस ढंग को बदलने की कोशिश में लगा हुआ है!''[17]

इलाके के लोगों को जब पता चला कि ज़्या हुआ है, तो उन्होंने मसीह से वहां से चले जाने का आग्रह किया। (उन्हें डर था कि कहीं उनके और पशु न खो जाएं, मुझे ऐसा लगता है।) यीशु के उनकी विनती मानने को तैयार हो जाने पर, चंगाई पाने वालों में से एक आदमी ने उसके साथ चलने के लिए कहा (मरकुस 5:18)। यीशु ने उज़र दिया, ''अपने घर जाकर अपने लोगों को बता, कि तुझ पर दया करके प्रभु ने तेरे लिए कैसे बड़े काम किए हैं'' (मरकुस 5:19)।

हम चकित हो सकते हैं कि यीशु ने उसे अपने साथ होने वाली बातों को दूसरों को बताने के लिए ज़्यों कहा, जबकि दूसरों को उसने किसी को न बताने के लिए कहा था (मरकुस 1:43, 44)। इसका एक कारण यह हो सकता है कि यह चंगाई फरीसियों और शास्त्रियों वाले प्रभाव के क्षेत्र से बाहर हुई थी। इस क्षेत्र में प्रसिद्ध होने से उसके शत्रुओं की शत्रुता कम होनी थी। एक और सज़्भावना यह है कि यीशु को प्रचार करने से पहले ही जाने के लिए विवश किया गया था, इसलिए वह उस जगह पर अपना कोई गवाह छोड़ना चाहता था।

उस आदमी ने वही किया, जो प्रभु ने उसे करने को कहा था: ''वह जाकर दिकापुलिस[18] में इस बात का प्रचार करने लगा, कि यीशु ने मेरे लिए कैसे काम किए; और सब अचज़्भा करते थे'' (मरकुस 5:20)। इसका परिणाम यह हुआ कि मसीह के अगली बार इलाके में

आने पर, उसे अधिक लोगों द्वारा स्वीकार किया गया (मरकुस 7:31-37)।

यह अद्‌भुत और मन को छू लेने वाली कहानी है। अपने मनों में इसका विचार करते हुए, हम पूछते हैं, ''यह कौन है जो ठुकराए हुए और अप्रिय समझे जाने वाले लोगों के पास पहुंचता है, जो शरीर और मन दोनों को चंगा करता है?'' उज़र है ''तरस से भरा आदमी।''

इस वृज़ांत से यह सीखें कि यीशु हर किसी से प्रेम करता है। ज़्या आपको लगता है कि यीशु आपसे कभी इसलिए प्रेम नहीं कर सकता कि आप प्रेम के योग्य नहीं हैं और आप घृणित समझे जाते हैं? उन गन्दे, चीथड़ों वाले जंगली आदमियों को याद करें, जो अन्धकार में से मसीह पर लपक रहे थे। यीशु ने उनसे प्रेम किया-और वह आपसे भी प्रेम करता है! (देखें प्रकाशितवाज़्य 1:5.)

''यह कौन है जो पापियों के साथ खाता है?'' (मज़ी 9:1, 10-17; मरकुस 2:15-22; लूका 5:29-39)

गिरासेन के लोगों द्वारा[19] चले जाने को कहने के बाद, ''वह नाव पर चढ़कर पार गया; और अपने नगर में आया'' (मज़ी 9:1)। यीशु कफ़रनहूम में लौट आया। वहां उसे बहुत बड़ी भीड़ मिली (देखें मरकुस 5:21; लूका 8:40)। संक्षेप में कहें तो वहां जो कुछ हुआ, उसे बताना कठिन है। कुछ देर बाद वह लौट गया, उसने याईर की बेटी को मुर्दों में से जिलाया (मज़ी 9:18-26; मरकुस 5:22-43; लूका 8:41-56)। उस घटना का अध्ययन हम अपने अगले पाठ में करेंगे, परन्तु इस अध्ययन को हम यहां मज़ी द्वारा शामिल की गई कहानी के साथ समाप्त करेंगे।[20] चेला बनने की अपनी बुलाहट लिखने के बाद, मज़ी ने एक भोज के बारे में बताया, जो उसने मसीह के सज़्मान में दिया था। सहदर्शी सुसमाचार के सभी लेखकों ने इस घटना के बारे में बताया है, जो एक ऐसा इकट्ठ था, जिसमें मुज़्य अतिथि की काफ़ी आलोचना हुई थी।

आलोचना नज़्बर 1: पापियों के साथ खाना

''और लेवी [अर्थात, मज़ी] ने अपने घर में उसके लिए एक बड़ा भोज दिया'' (लूका 5:29क)। स्वाभाविक ही है कि मज़ी ने अपने पुराने मित्रों और पुराने साथियों को भी बुलाया होगा। शीघ्र ही उसका घर चुंगी लेने वालों और समाज के अन्य निकाले हुए लोगों से भर गया: ''... और बहुत से चुंगी लेने वाले और पापी यीशु और उसके चेलों के साथ भोजन करने बैठे; ज़्योंकि वे बहुत से थे, और उसके पीछे हो लिए थे'' (मरकुस 2:15)।[21]

फरीसी, जो प्रभु का लगातार पीछा कर रहे थे, बुड़बड़ाने लगे (लूका 5:30क)। उन्होंने उसके चेलों से पूछा, ''तुज़्हारा गुरु महसूल लेने वालों और पापियों के साथ ज़्यों खाता है'' (मज़ी 9:11)। मसीह का उज़र बड़ा ज़बर्दस्त है: ''वैद्य भले चंगों के लिए नहीं, परन्तु बीमारों के लिए अवश्य है। मैं धर्मियों को नहीं,[22] परन्तु पापियों को मन फिराने के लिए बुलाने आया हूं'' (लूका 5:31, 32)।[23]

आलोचना नज़्बर 2: उपवास न रखना

अपना वार खाली जाने पर, शायद इस बात से उकसाए जाकर कि यीशु और उसके चेले मज़ी की दावत का मजा ले रहे हैं, फरीसियों ने दूसरी आलोचना शुरू कर दी, ''यूहन्ना के चेले और फरीसियों के चेले ज़्यों उपवास रखते हैं ? परन्तु, तेरे चेले उपवास नहीं रखते'' (मरकुस 2:18)। यूहन्ना के कुछ चेले वहीं थे, और ''ज़्यों ?'' पूछकर उनका सुर भी उनके साथ मिल गया (मज़ी 9:14)।[24]

इस प्रश्न का सार था कि ''तुम उन परज़्पराओं का पालन ज़्यों नहीं कर रहे हो जो बहुत पहले हमारे बुज़ुर्गों ने शुरू की थीं ?''[25] मसीह का उज़र था कि मसीहा का आना नये युग की शुरुआत है, सो आवश्यक नहीं कि वह पुरानी परज़्पराओं के साथ मेल खाता हो। यीशु के उज़र के दो भाग थे। पहला यह था कि उपवास की रीति उसके चेलों के लिए असंगत थी। उसने मसीहा के आने की तुलना विवाह के एक जश्न से की (मज़ी 9:15; मरकुस 2:19, 20; लूका 5:34, 35)। ऐसे जश्न आनन्द मनाने के लिए होते थे, न कि शोक के लिए।[26] (यहूदियों की नज़र में उपवास पश्चाज़ाप और दुख का संकेत था।)

उसके उज़र का दूसरा भाग यह था कि मनुष्य की बनाई हुई परज़्पराओं के साथ मिलना मसीहा के शासन के लिए विनाशकारी होगा। फरीसियों की रीतियों को अपनी शिक्षाओं में शामिल करना पुराने कपड़े पर नया पैवन्द लगाने की तरह था (लूका 5:36)। नया कपड़ा सिकुड़ जाने पर, पुराना भी फट जाना था। फिर, पुरानी परज़्पराओं को अपने नये ढंग के साथ मिलाने की कोशिश पुरानी मश्कों में नया दाखरस डालने की तरह भी था।[27] पुरानी मश्कों के नीचे जमा गन्दगी से नया दाखरस खौलकर फैल सकता था, जिससे पुरानी, कमज़ोर पड़ चुकी मश्कें फट जातीं (लूका 5:37)।[28]

यीशु जानता था कि फरीसी उसके नए ढंग को स्वीकार करने वाले नहीं हैं। दुखी मन से उसने उनकी बात बताई, जिन्होंने बदलाव का विचार भी नहीं करना था, उन्होंने केवल यही कहना था, ''पुराना ही अच्छा है'' (लूका 5:39)।[29]

यह कहानी खत्म करने से पहले, मैं चुंगी लेने वालों और दूसरे पापियों के साथ खाना खाने वाली उस घटना में वापस जाना चाहता हूं, जहां से प्रभु की आलोचना आरज़्भ हुई। ''यह कौन है जो पापियों के साथ खाता है ?'' उज़र है, ''वह जिसका कोई उद्देश्य है।'' यीशु ने कहा, ''मैं धर्मियों को नहीं, परन्तु पापियों को मन फिराने के लिए बुलाने आया हूं'' (लूका 5:32)। एक और जगह उसने कहा था, ''ज़्योंकि मनुष्य का पुत्र खोए हुओं को ढूंढ़ने और उन का उद्धार करने आया है'' (लूका 19:10)।

ज़्या आप पापी हैं ? ज़्या आप पूछते हैं कि उसे आपका ध्यान है ? उसे मज़ी द्वारा दिए भोज में उनके साथ खाते, बातें करते और हंसते देखें, जिन्हें यहूदी लोग समाज की गन्दगी मानते थे। वह पापियों से प्रेम करता है ! वह आपसे भी प्रेम करता है !

सारांश

हमने मसीह द्वारा उन्हें अपने बारे में चकित करने के तीन उदाहरणों का अध्ययन

किया है:

''यह कौन है, जो तूफ़ान को शान्त करता है?'' *शक्ति* वाला आदमी।
''यह कौन है, जो शरीर और आत्मा को चंगा करता है?'' *दयालु* आदमी।
''यह कौन है, जो पापियों के साथ खाता है?'' *उद्देश्य* वाला आदमी।

वह उद्देश्य पापियों को मन फिराने के लिए बुलाना था। यदि आप अभी भी अपने पापों में हैं, तो मेरी प्रार्थना है कि इस पाठ से आपका मन दीन और पश्चाज़ापी होकर उसकी ओर बदल जाए। अपने मन में, इस प्रश्न का कि ''यह कौन है?'' उज़र इस भावना के साथ दें: ''जो मुझसे प्रेम करता है और जो मेरे लिए मर गया!''

नोट्स

इस पाठ की हर कहानी से एक प्रवचन बन सकता है। अगला प्रवचन यीशु के गिरासेनी लोगों में से दुष्टात्मा के निकालने पर है।

यीशु द्वारा तूफ़ान को शान्त करने पर कई प्रवचन दिए जा चुके हैं। हाल ही में मैंने ''जीवन के तूफ़ान'' शीर्षक से एक संदेश दिया था। इसमें पहले मैंने उन भयानक तूफ़ानों को याद कराया, जिनसे मेरे सुनने वाले परिचित थे, और फिर जीवन के उन तूफ़ानों को जो उनके सामने थे। मैंने ध्यान दिलाया कि कई बार हमें चेलों की तरह लगता है: ''प्रभु, तुझे पता नहीं है हम डूब रहे हैं?'' मैंने फोकस प्रेरितों द्वारा पूछे गए प्रश्न ''यह कैसा मनुष्य है ...?'' पर ही रखा (मत्ती 8:27)। मैंने बताया कि वह (1) आपसे प्रेम करने वाला (प्रकाशितवाक्य 1:5); (2) आपके साथ होने की प्रतिज्ञा करने वाला (मत्ती 28:20); (3) आपको सामर्थ देने वाला (इफिसियों 3:16); (4) बुराई से भलाई निकालने वाला (रोमियों 8:28); (5) संक्षेप में, वह आपके मन के तूफ़ानों को उतनी ही आसानी से शान्त कर सकता है, जितनी आसानी से समुद्र के तूफ़ान को। इस कहानी पर प्रवचन के लिए सज्भावित शीर्षक ''तुझे ध्यान नहीं है कि हम नाश हुए जाते हैं?'' और ''शान्त, थम जा'' हो सकते हैं। यदि आपके पास गीतों की किताब है, जिसमें ''प्रभु, तूफ़ान उमड़ रहा है'' (''शान्त, थम जा'') जैसे गीत हों, तो आप उसे अपने पाठ में शामिल कर सकते हैं।

बाइबल के हमारे पाठ के भागों पर भी प्रवचन दिए गए हैं। कई लोगों ने यह ज़ोर देने के लिए कि हमें यीशु, उसकी कलीसिया और उसकी शिक्षा को ''वैसे ही मानना चाहिए जैसी यह है,'' इस तथ्य का इस्तेमाल किया है कि चेलों ने यीशु को ''जैसा वह था, वैसा ही'' माना (मरकुस 4:36)। (यदि आप इस विचार का इस्तेमाल करते हैं, तो बाइबल के मूल अर्थ की व्याज़्या सावधानी से करें।) इसके अलावा, ''वैद्य'' (मत्ती 9:12) के लिए मसीह के शज़्दों से ''महान वैद्य'' पर प्रवचनों के लिए प्रेरणा मिली है।

टिप्पणियां

[1]यीशु ने कम से कम दो तूफ़ानों को शान्त किया। उनमें यह पहला था। [2]वृज़ांत में यहां पर, मज़ी ने भावी चेलों के बारे में बताया (मज़ी 8:19-22)। लूका ने इसी या ऐसी ही घटना को बहुत बाद में लूका 9:57-62 में लिखा। इस घटना का अध्ययन करने के लिए हम लूका 9 अध्याय तक प्रतीक्षा करेंगे। [3]''सांझ'' एक लचीला शज़्द है। यह दिन डूबने से पहले भी हो सकता है और बाद में भी। जब अन्त में वे दूसरे किनारे पर पहुंच गए, तो दुष्टात्मा से ग्रस्त एक आदमी उन्हें दूर से देख सका (मरकुस 5:6)। हो सकता है कि वे शाम को जल्दी निकल गए हों और अन्धेरा होने से पहले दूसरी ओर पहुंच गए हों। यह भी हो सकता है कि वे शाम को देर से निकले हों और तूफ़ान के कारण वहां सारी रात गुज़ारने के बाद अगली सुबह भोर को ही पहुंचे हों। पहली सज़्भावना अधिक लगती है। [4]हम देहधारी होने के रहस्य पर पहले ही चर्चा कर चुके हैं। (''मसीह का जीवन, ज़ाग 1'' में ''मसीह आ रहा है!'' पाठ देखें।) [5]जे. डज़्ल्यू. शैफर्ड, *द क्राइस्ट ऑफ़ द गॉस्पल्स* (नैशविल्ले: पार्थिनोन प्रैस, 1939), 232; एच. आई. हेस्टर, *द हार्ट ऑफ़ द न्यू टैस्टामेंट* (लिबर्टी, मिज़ोरी: ज़्वालिटी प्रैस, 1963), 148 में उद्धृत। [6]''मसीह का जीवन, भाग 2'' पुस्तक में गलील की झील के आस-पास के इलाके का मानचित्र देखें। [7]जे. डज़्ल्यू. मैज़र्वे एण्ड फिलिप वाई. पैंडलटन, *द .फ़ोरफ़ोल्ड गॉस्पल ऑर ए हारमनी ऑफ़ द .फ़ोर गॉस्पल्स* (सिंसिनटी: स्टैंडर्ड पज़्लिशिंग कं., 1914), 343. [8]यह भी सज़्भव है कि वे चाहते हों कि यीशु भी उनकी तरह ही चिन्ता करे। चिन्तित होने पर हम में से अधिकतर लोग किसी का साथ चाहते हैं। [9]मरकुस और लूका ने इस डांट (या दूसरी डांट) को तूफ़ान के शान्त होने के बाद लिखा (मरकुस 4:40; लूका 8:25)। [10]कई कारणों से, कुछ आश्चर्यकर्मों का लोगों पर दूसरे आश्चर्यकर्मों की अपेक्षा अधिक प्रभाव पड़ा।

[11]यदि आपके पास गीतों की किताब हो, जिसमें ''प्रभु, तूफ़ान उमड़ रहा है'' जैसा गीत हो, तो आप गीत में अगुआई के लिए या कम से कम उसके शज़्दों को पढ़ने के लिए रुक सकते हैं। [12]''खेरासा'' (अर्थात गिरासा) के खण्डहरों का पता चलने से पहले बाइबल के आलोचक इसे ''एक विरोधाभास'' कहते थे। इस घटना के अधिक विस्तृत अध्ययन, विशेषकर दुष्टात्मा से ग्रस्त दो लोगों के दृष्टिकोण के लिए अगले पाठ वाला प्रवचन देखें। [13]सुसमाचार के वृज़ांतों में यह सामान्य बात है। [14]इस बात के अनुमान के लिए कि उन्होंने यह विनती ज़्यों की होगी, इस पाठ से अगला प्रवचन देखें। [15]खेरासा के खण्डहरों के दक्षिण में एक मील दूर (देखें टिप्पणी 12) किनारे से सटा एक ढलानदार पहाड़। [16]यह अनुमान लगाने के लिए कि उन्होंने यह विनती ज़्यों की होगी, इस पाठ से अगला प्रवचन देखें। [17]यह कहानी लाइफ़ ऑफ़ क्राइस्ट, 68 पर भाई जे. डज़्ल्यू. रॉबर्ट्स की ज़्लास के नोट्स से ली गई थी। अर्ल वैस्ट ने भाई स्वीने को अपने समय के प्रसिद्ध बहस करने वालों में गिना (अर्ल आई. वैस्ट, *द सर्च .फ़ॉर द ऐंसिएंट ऑर्डर,* अंक 4, *ए हिस्टरी ऑफ़ द रेस्टोरेशन मूव्मैंट 1919-1950* [जर्मनटाउन, टैनिसी: रिलिजियस बुक सर्विस, 1987], 214.) [18]''दिकापुलिस'' ''दस नगरों का क्षेत्र'' था। इस पुस्तक में ''यीशु की सेवकाई के समय पलिश्तीन'' का मानचित्र देखें। [19]मज़ी में ''गदरेनी'' है, परन्तु मैंने पिछले भाग में ''गिरासेनी'' इस्तेमाल किया था, इसलिए यहां भी यही करता हूं। जैसा पहले ध्यान दिया गया था, क्षेत्र के दो नाम थे। [20]यीशु के झील के पश्चिम में जाने के बाद तुरन्त याईर की बेटी की कहानी में कई तालमेल हैं। मज़ी 9:18 के आधार पर दूसरे लोग मज़ी के भोज की कहानी याईर की कहानी से पहले जोड़ते हैं, जो यह संकेत देता है कि मज़ी के भोज में मसीह के संदेश को याईर ने बीच में रोका था। जॉन ब्रॉडस, जो बाद वाली बात को मानता था, ने यह टिप्पणी जोड़ी है: ''स्थिति [मज़ी के भोज वाली कहानी की] का प्रश्न सुलझाया नहीं जा सकता, और इस भाग की सामग्री को समझने के लिए इससे कोई फर्क नहीं पड़ता'' (जॉन ए. ब्रॉडस, *हारमनी ऑफ़ द गॉस्पल्स इन द रिवाइज़्ड एडिशन* [न्यू यॉर्क: ए. सी. ऑर्मस्ट्रॉन्ग एण्ड सन, 1906], 36; जॉन फ्रैंज़्लिन कार्टर, *ए लेमैंस हारमनी ऑफ़ द गॉस्पल* [नैशविल्ले: ब्रॉडमैन प्रैस, 1961], 138)। यदि आपने मज़ी के भोज की कहानी का अध्ययन पहले किया है, तो यहां पर याईर की कहानी को फिर से पढ़ें (इस पुस्तक में अगला पाठ देखें)।

[21]जे. डज़्ल्यू. मैज़र्वे ने ज़ोर दिया कि इस स्थिति में यीशु के कार्य तथा तर्क ''उनकी भलाई के उद्देश्य

के बिना किसी भी और बात के लिए उनके साथ संगति करने को उचित नहीं ठहराते-जैसे उनकी आत्मा के डॉक्टर के रूप में'' (मैज़गर्वे एण्ड पैंडलटन, 350)। देखें 1 कुरिन्थियों 15:33. [22]इस संदर्भ में, ''धर्मी'' उन लोगों को जो *सोचते थे* कि वे धर्मी हैं और उन्हें मन फिराने की आवश्यकता नहीं है, कहा गया है-अन्य शब्दों में यीशु का इशारा शास्त्रियों और फरीसियों की ओर था। [23]यीशु के उज़र के मज़ी के वृज़ांत (मज़ी 9:12, 13) में होशै 6:6 से एक उद्धरण है। पिछले एक पाठ में हमने ध्यान दिया था कि मसीह द्वारा यह ज़ोर देने का अर्थ लोगों को भूख मिटाने की अनुमति देना दया दिखाना ही है, इसका उद्धरण एक अन्य संदर्भ में दिया था। मज़ी 9 में उसके कहने का अर्थ पापियों को मन फिराने के लिए आने को प्रोत्साहित करना, उन पर ध्यान दिलाना है। [24]इस प्रश्न पर यूहन्ना के चेलों को फरीसियों के साथ मिलते देखकर दुख होता है। [25]फरीसियों की उपवास रखने की रीतियों को मूसा की व्यवस्था में आज्ञा नहीं दी गई थी, बल्कि यह मनुष्यों की बनाई परज़्परा थी। ''मसीह का जीवन, भाग 2'' में ''परन्तु मैं तुम से कहता हूं'' पाठ में उपवास पर संक्षिप्त चर्चा देखें। जैसा कहीं और ज़ोर दिया गया है, यीशु ने वास्तव में कहा कि उपवास उसके चेलों के लिए एक वैकल्पिक बात थी। यह तथ्य कि वह स्वयं लगातार उपवास नहीं रखता था, यह सबूत देने के लिए काफ़ी है कि यह भक्तिपूर्ण जीवन बनाए रखने के लिए आवश्यक सामग्री नहीं है। [26]यीशु के उदाहरण को दृष्टांत कहा जा सकता है। उस दृष्टांत में, वह दूल्हा है और साथी उसके चेले हैं। दूल्हे के ''लिए'' जाने की बात उसकी मृत्यु की छिपी हुई बात है। यह कथन कि वे ''उस दिन उपवास रखेंगे'' मसीह की मृत्यु पर चेलों के शोक करने का हवाला है। [27]उस समय तरल वस्तुएं रखने के लिए जानवरों की चमड़ी की मश्कें बनाई जाती थीं। संसार के कई भागों में आज भी इनका इस्तेमाल होता है। समय बीतने के साथ, ये मश्कें सूखकर भुरभुरी और भंजनशील हो जाती थीं। [28]लूका 5:36 इन उदाहरणों को दृष्टांत कहता है, उन्हें यीशु के स्पष्ट प्वायंट से अधिक शिक्षा देने के लिए ज़बर्दस्ती न करें: मनुष्यों की बनाई हुई परज़्पराओं के साथ उसकी शिक्षा को मिलाना खतरनाक होगा। [29]मसीह परमेश्वर की प्रेरणा रहित दी गई पुरानी परज़्पराओं को परमेश्वर की प्रेरणा रहित नई परज़्पराओं में न बदलने की बात नहीं कर रहा था, बल्कि वह फरीसियों की बात कर रहा था, जो मसीह के ढंग को अपनाने के लिए अपनी परज़्पराओं का त्याग करने को तैयार नहीं थे।